पत्रांक–07/नि०बि०–22–02/2026 ..1113...

बिहार सरकार
शिक्षा विभाग
(प्राथमिक शिक्षा निदेशालय)

प्रेषक,

विक्रम विरकर, भा०प्र०से०,
निदेशक, प्राथमिक शिक्षा।

सेवा में,

निदेशक,
सूचना एवं जनसंपर्क विभाग,
बिहार, पटना।

पटना, दिनांक :– 20/03/26

विषय : अभिभावक–शिक्षक संगोष्ठी (PTM) संबंधी विज्ञापन समाचार पत्रों में प्रकाशित करने के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक कहना है कि 28 मार्च, 2026 को राज्य के सभी प्रारंभिक विद्यालयों में **"प्रवेश से प्रगति तक विद्यालय और अभिभावक साथ–साथ"** थीम पर अभिभावक–शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन करने का निर्णय लिया गया था।

उक्त अभिभावक शिक्षक संगोष्ठी की निर्धारित तिथि 28.03.2026 को अपरिहार्य कारणवश संशोधित करते हुए **दिनांक 30.03.2026** (दिन–सोमवार) को निर्धारित किया जाता है।

अतः संलग्न विज्ञप्ति प्रारूप के अनुसार दिनांक **29 मार्च, 2026** को राज्य के प्रमुख दैनिक समाचार पत्रों में अभिभावक शिक्षक–संगोष्ठी संबंधी विज्ञापन प्रकाशित कराने की कृपा की जाए, ताकि अधिक से अधिक अभिभावक इस संगोष्ठी में उपस्थित हो सकें।

अनुलग्नक :– यथोक्त।

विश्वासभाजन

(विक्रम विरकर) 20/3/26
निदेशक, प्राथमिक शिक्षा।

ज्ञापांकः– 07/नि०बि०–22–02/2026 1113 पटना, दिनांक 20/03/26

प्रतिलिपि : आई०टी० मैनेजर, शिक्षा विभाग को विभागीय बेवसाइट पर अपलोड करने हेतु सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

20/3/26
निदेशक, प्राथमिक शिक्षा।

शिक्षा विभाग

अभिभावक शिक्षक संगोष्ठी



30/03/2026

प्रिय अभिभावकगण,

राज्य के सभी प्रारंभिक विद्यालयों में दिनांक 30/03/2026 को अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी (PTM) का आयोजन किया जा रहा है। इस माह की संगोष्ठी "प्रवेश से प्रगति तक, विद्यालय और अभिभावक साथ-साथ" थीम पर आधारित है।

संगोष्ठी में आपकी सहभागिता अत्यंत आवश्यक है, ताकि हम और आप मिलकर बच्चों के समग्र विकास को सुनिश्चित कर सकें।

अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी का उद्देश्य

- बच्चों की अकादमिक प्रगति पर चर्चा करना
- शत-प्रतिशत नामांकन पर चर्चा करना
- बच्चों के उत्तम स्वास्थ्य व पोषण में पोषण वाटिका के महत्व पर संवाद

PTM में आपकी सहभागिता अति आवश्यक है